प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में की श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना : कहा– समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण को दिशा में आगे बढ रहा है देश।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– ऋषि मुनियों की परंपरा और आमजन की मेहनत ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की सकंल्पना हो रही है साकार।
3. चत्र नवरात्र के पहले दिन प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड : सुरक्षा व्यवस्था के किए गए पुख्ता इंतज़ाम।

और

4. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज बारिश से बदला मौसम : आगामी 24 घंटों में कई जनपदों में ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन आज अयोध्या पहुंची। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन उन्होंने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दूसरे तल पर श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना की। श्रीराम यंत्र दो साल

पहले कांची कामकोटीपीठ द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को भेंट किया गया था। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मंदिर निर्माण से जुडे श्रमिकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर इसका प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ रहे हैं।

*हम सभी एक समावेशी समाज और विकसति राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ रहे हैं। प्रभू श्रीराम के आशीर्वाद से बस 2047 या शायद उससे पहले ही आप उन लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। 21वीं सदी में हमारे समावेशी*

राष्ट्रपति ने कहा कि रामराज्य का आदर्श आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सद्‌भाव के उच्चतम मानकों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि रामराज्य के आदर्शों का पालन करके, हम नैतिकता और सदाचार पर आधारित राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। बाइट.....

*राम राज्य के आदर्श पर चलते हुए हम सब नैतिकता और धर्माचरण पर आधारित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का आदर्श वाक्य है राम विग्रहवान धर्म अर्थात प्रभु श्रीराम धर्म के प्रतिमान स्वरूप धर्म के व्यापक अर्थ के आधार पर निजी और सामूहिक जीवन को संचालित करने करते ही हम प्रभु श्रीराम की सच्ची पूजा अर्चना कर सकेंगे।*

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदो बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी समेत विभिन्न संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते एक साल मे प्रदेश में 156 करोड़ श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे हैं। श्री योगी ने कहा कि ऋषि मुनियों की परंपरा और किसानों ओर उद्यमियों की मेहनत ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की सकंल्पना को साकार किया है।

बाइट.....

*भारत भारत इसलिए बना है क्योंकि भारत को हमारी ऋषि मुनियों की तपस्या ने हमारे अन्नदाता किसानों के परिश्रम ने हमारे कारीगरों की उद्यमिता ने और भारत की आस्था ने सदैव एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में बनाए रखा है और आज श्रीराम जन्मभूमि की यज्ञ की पूर्णाहुति के कार्यक्रम के साथ जुड कर के ना केवल उत्तर प्रदेश वासी बल्कि देश और दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्म प्रॉब्लम भी है, उन सबके मन में आनंद की अत्यंत अनुभूति हो रही होगी।*

अयोध्या के बाद राष्ट्रपति आज शाम वृंदावन पहुंचीं जहां, उन्होंने इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में दर्शन पूजन किया। राष्ट्रपति कल प्रेमानंद महाराज के आश्रम, बाबा नीम करौरी के समाधि स्थल पर जायेंगी, साथ ही अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। दौरे के आखिरी दिन राष्ट्रपति गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ गोवर्धन परिक्रमा करेंगी।

———————————

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कौशाम्बी, जौनपुर, फतेहपुर सहित प्रदेश के

विभिन्न जनपदों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मऊ के प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने सूचना और जनसंपर्क विभाग की ओर से आयोजित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि इन 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने भयमुक्त और सुरक्षित राज्य के तौर पर वैश्विक पहचान बनाई है। वाराणसी में राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने नव निर्माण के 9 वर्ष विषय पर आयोजित 8 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया।

————————

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री जयन्त चौधरी ने आज बागपत के पाली गांव में चौधरी अजित सिंह डिजाइन और फैशन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र का उद्‌घाटन किया। यह अत्याधुनिक केंद्र युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण और मशीनें प्रदान करेगा। श्री चौधरी ने लोयन गांव में स्टेडियम का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बागपत और आसपास के ज़िले रेडीमेड गार्मेंट उद्योग के हब के तौर पर विकसित होंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया पिछले तीन दिनों में पांच हजार 6 सौ से अधिक उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन लिया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग दर बढ़कर 94 प्रतिशत हो गई है और घबराहट में आकर बुकिंग करने की संख्या में गिरावट आई है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चत्र नवरात्र और ईद के मद्देनज़र कल एक उच्चस्तरीय बैठक कर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कि संवेदनशीलता और समन्वय के साथ पर्व और

त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पर्व–त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी हर घटना के दोषियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के साथ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धार्मिक आयोजनों में परंपरागत स्वरूप का ही पालन कराया जाए और किसी भी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए। एलपीजी आपूर्ति के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भी आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कृत्रिम कमी, जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————————

वासंतिक चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विंध्याचल धाम में भोर में कपाट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों की लम्बी कतारें नज़र आईं। इसी के साथ प्रसिद्ध चैत्र नवरात्र मेले की शुरूआत भी हो गयी है। जौनपुर के शीतला चौकिया धाम, नैमिषारण्य के मां ललिता देवी मंदिर, सहारनपुर के शाकम्भरी देवी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में भक्त दर्शन पूजन कर रहे हैं। बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में भी प्रदेश क अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*जनपद बलरामपुर में देवी पाटन शक्ति पीठ पर चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातः काल से ही दर्शन पूजन हेतु श्रद्धालुओं की लाइन लगी हुई है। देश में स्थित 51 शक्तिपीठों के अंतर्गत आने वाले इस मंदिर पर देश प्रदेश के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर मां के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। बाइट.....*

*मैं आऊं नेपाल बरौनी से। माता जी के चरणों में उनका आशीर्वाद लेने के लिए आया हूं। मुझे यहां आने में बहुत अच्छा फील होता है। बहुत खुशी होती है मुझे यहां आने में। जब भी मौका मिलता तब भी हम लोग आते हैं।*

*सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र पूरे मेला क्षेत्र को 2 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है साथ ही सशस्त्र सीमा बल डॉग स्क्वाड दस्ते के साथ लगातार निगरानी में लगी है। राम कुमार मिश्र,आकाशवाणी समाचार बलरामपुर।*

———————————

बागपत, बुलंदशहर, मथुरा, हापुड़ समेत प्रदेश के पश्चिमी जनपदों में आज हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ और आसपास के इलाकों समेत पूर्वी जनपदों में भी तेज़ हवाएं चलने और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)